प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 08 जनवरी, 2025 :-

(1) **माननीय राज्यपाल ने '28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' के प्रतिभागियों से संवाद किया।**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन में दिनांक 10 जनवरी से 12 जनवरी, 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित '28वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' के झारखंड राज्य के प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि भारत की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि आप अपनी कला, ज्ञान और कौशल को प्रस्तुत कर अपने राज्य और देश का नाम रोशन करें। आप अपनी प्रतिभा से विशिष्ट पहचान स्थापित करें एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए युवाओं से स्टार्ट अप से संबंधित उनके विचार साझा किए। राज्यपाल महोदय ने युवाओं को प्रेरित किया कि वे रचनात्मक सोच और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी ने प्रतिभागियों को बेहतर पीपीटी प्रस्तुति के लिए

महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुति ऐसी हो जो श्रोताओं में उत्सुकता जगाए और उसमें समाधान प्रस्तुत करने की स्पष्टता हो।

कार्यक्रम में युवाओं द्वारा 1. Making India Start Up Capital of the World 2. Tech for Viksit Bharat 3. Empowering Women and Improving Social Indicators एवं 4. Enhancing Productivity in Agriculture विषयों पर पीपीटी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री कुमार गौरव, सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग श्री मनोज कुमार, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य श्री संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन श्रीमती ललिता कुमारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

माननीय राज्यपाल महोदय '28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' के वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

(2) **माननीय राज्यपाल से आज भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में भेंट की।**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सदैव अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्पर रहने का संदेश दिया।